कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
स्त्री रोग पर व्याख्यान आयोजित

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस के तत्वाधान में स्त्री रोग पोलिसिस्टिक ओवरी डिसीज पर व्याख्यान आयोजित किया गया। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं में होने वाली यह आम समस्या बन गई है। जिससे महिलाओं को जागरूक एवं जानकारी में रहना होगा।

मुख्य वक्ता एम्स रायपुर की जूनियर मेडिकल ऑफिसर श्रीमती डॉ. जी.वी. मेश्राम ने बताया कि इस बिमारी में हॉर्मोन्स के कारण गर्भाशय में छोटी–छोटी गांठे बन जाती है। और इन्हीं के कारण महिलाओं में बड़े स्तर पर हॉर्मोनल बदलाव होने लगता है। साथ ही दिनचर्या प्रभावित हो जाती है। इसे समय रहते ईलाज से ठीक किया जा सकता है। यह बिमारी गलत खान–पान के कारण होती है।

इस अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायटिशियन डॉ. रिमशा लाकेश ने बताया कि उचित आहार और खान–पान में बदलाव से सफल परिणाम प्राप्त हुए है। उन्होनें कहा कि वर्तमान में युवाओं में अनेक मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें देखी जा रही है। जिसे आहार और पोषण के संतुलन से दूर किया जा सकता है।

इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री भूपेन्द्र कुलदीप एवं प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने भी स्वास्थ्य जागरूकता के लिये यूथ रेडक्रॉस द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)